पत्रांक 15/ए 3–75/2022

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अमित कुमार पुष्पक,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।

पटना, दिनांक–.....

विषयः– एस0 एम0 पी0 कॉलेज, फतेहपुर, गया का संबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या– GIIIA/81/25 दिनांक 27.03.2025 द्वारा एस0 एम0 पी0 कॉलेज, फतेहपुर, गया को स्नातक कला एवं विज्ञान संकाय के विषयों में शैक्षणिक सत्र 2024–28 से स्थायी संबंधन हेतु अनुशंसा प्राप्त हुआ। जिसे समीक्षोपरांत राज्य सरकार द्वारा बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21(2)(d) के आलोक में राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक–1098 दिनांक 19.04.1986 यथा संशोधित पत्रांक–3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक 25.10.2019 में निहित प्रावधानो के अधीन एस0 एम0 पी0 कॉलेज, फतेहपुर, गया को स्नातक कला एवं विज्ञान संकाय के प्रतिष्ठा स्तर के प्रस्तावित विषयों में **"राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में भविष्य में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के अनुसार होने वाले वांछित आधारभूत संरचनाओं एवं मानवबल में किये जाने वाले परिमार्जन से महाविद्यालय का संबंधन आच्छादित होगा"** के निदेश/शर्त्त के साथ निम्न प्रकार संबंधन की स्वीकृति प्रदान की जाती है :–

क्र०	संकाय	विषय	संबंधन की अवधि
1	कला (प्रतिष्ठा स्तर)	प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत	शैक्षणिक सत्र 2024–28 के लिए अस्थायी संबंधन एवं शैक्षणिक सत्र 2025–29 से स्थायी संबंधन
2	विज्ञान (प्रतिष्ठा स्तर)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं गणित	

उक्त पर सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/–
(अमित कुमार पुष्पक)
सरकार के उप सचिव

(432)

ज्ञापांक–15/ए 3–75/2022-2384- पटना, दिनांक 12.06.2025

प्रतिलिपिः– प्राचार्य/सचिव, एस0 एम0 पी0 कॉलेज, फतेहपुर, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई0 टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/6/25

सरकार के उप सचिव

पत्रांक 15/एम 1–218/14
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।

पटना, दिनांक 2021

विषय :– एस0एम0पी0 कॉलेज, फतेहपुर को संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के पत्रांक GIIIA/343/21 दिनांक 19.03.2021 द्वारा एस0एम0पी0 कॉलेज, फतेहपुर को स्नातक कला संकाय के प्रतिष्ठा स्तर के कतिपय विषयों में शैक्षणिक सत्र 2021–24 के लिए नवसंबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। उपर्युक्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक समीक्षोपरान्त राज्य सरकार द्वारा एस0एम0पी0 कॉलेज, फतेहपुर को स्नातक कला संकाय के प्रतिष्ठा स्तर के निम्नांकित विषयों में बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21 (2) (d) के आलोक में राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक 1098 दिनांक 19.04.1986 यथा संशोधित पत्रांक 3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक 3074 दिनांक 25.10.2019 में निहित प्रावधानों के अधीन संबंधन प्रदान किये जाने की स्वीकृति निम्नवत् दी जाती है :–

क0 स0	संकाय	संबंधन का विषय	संबंधन की स्थिति
1	कला (प्रतिष्ठा स्तर)	प्रचीन इतिहास, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, मनोविज्ञान, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, उर्दू, हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी	शैक्षणिक सत्र 2021–24 के लिए नवसंबंधन

निदेश दिया जाता है कि भविष्य में अगर महाविद्यालय परिनियमानुसार संबंधन के सभी मानकों/शर्त्तों को पूरा करता है तो परिनियम में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत स्थायी संबंधन से संबंधित अनुशंसा उपलब्ध करायी जाए।

आगामी अनुशंसा से पूर्व इस संबंध गें मापदण्ड पूर्ण करने का निदेश संस्था को दें। साथ ही, परिनियम में अंकित शर्त्तों/मानकों के पूरा नहीं किये जाने एवं अस्थायी संबंधन के अनुशंसा की स्थिति में इसके औचित्य पर प्रकाश डालें।

सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/–
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–15/एम 1–218/14 — 1173. पटना, दिनांक– 22.06.21.

प्रतिलिपि:– उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, एस0एम0पी0 कॉलेज, फतेहपुर एवं विभागीय आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

E/Work 2020/Affiliation letter 2020

पत्रांक 15/ए3–94/2022
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज, बि0प्र0से0
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।

पटना, दिनांक– 2022

विषयः– फतेहपुर संडा महाविद्यालय, फतेहपुर संडा, अरवल का संबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–110/GIIIA/22 दिनांक 29.03.2022 एवं पत्रांक–116/GIIIB/22 दिनांक 29.03.2022 द्वारा फतेहपुर संडा महाविद्यालय, फतेहपुर संडा, अरवल के स्नातक कला एवं विज्ञान संकाय के प्रतिष्ठा स्तर के कतिपय विषयों में सत्र 2022–25 एवं 2023–26 के लिए संबंधन दीर्घीकरण प्रदान करने हेतु अनुशंसा प्राप्त हुआ, जिसे समीक्षोपरांत राज्य सरकार द्वारा बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21(2)(d) के आलोक में राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक–1098 दिनांक 19.04.1986 यथा संशोधित पत्रांक–3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक 25.10.2019 में निहित प्रावधानो के अधीन फतेहपुर संडा महाविद्यालय, फतेहपुर संडा, अरवल को स्नातक कला एवं विज्ञान संकाय के प्रतिष्ठा स्तर के प्रस्तावित विषयों में निम्न प्रकार संबंधन की स्वीकृति प्रदान की जाती है :–

क्र०	संकाय	विषय	संबंधन की अवधि
1.	कला (प्रतिष्ठा स्तर)	हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, भूगोल, दर्शनशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, इतिहास, प्राकृत, संस्कृत एवं मनोविज्ञान।	सत्र 2022–25 एवं 2023–26 के लिए अस्थायी संबंधन
2.	विज्ञान (प्रतिष्ठा स्तर)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं गणित	

सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन,
ह०/–
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

पटना, दिनांक 13.07.22

ज्ञापांक–15/ए3–94/2022 – 1969.

प्रतिलिपिः–उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार/निदेशक (उच्च शिक्षा) शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, फतेहपुर संडा महाविद्यालय, फतेहपुर संडा, अरवल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई0 टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

35

पत्रांक 15/ए3 -75/2022 – 2250.

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।

पटना, दिनांक 29.07. 2022

विषय :– एस0एम0पी0 कॉलेज, फतेहपुर, गया को संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के पत्रांक 132/GIIIA/22 दिनांक -29.03.2022 द्वारा एस0एम0पी0 कॉलेज, फतेहपुर, गया को स्नातक कला संकाय के प्रतिष्ठा स्तर के कतिपय विषयों में शैक्षणिक सत्र 2022–2025 के लिए संबंधन दीर्घीकरण एवं पत्रांक 98/GIIIB/22 दिनांक 29.03.2022 द्वारा स्नातक विज्ञान संकाय के प्रतिष्ठा स्तर के कतिपय विषयों में शैक्षणिक सत्र 2022–25 हेतु नवसंबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

उपर्युक्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक समीक्षोपरान्त राज्य सरकार द्वारा एस0एम0पी0 कॉलेज, फतेहपुर, गया को बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21 (2) (d) के आलोक में राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक 1098 दिनांक 19.04.1986 यथा संशोधित पत्रांक 3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक 3074 दिनांक 25.10.2019 में निहित प्रावधानों के अधीन स्नातक कला एवं विज्ञान संकाय के प्रतिष्ठा स्तर के निम्नांकित विषयों में संबंधन प्रदान किये जाने की स्वीकृति निम्नवत् दी जाती है :–

क0 स0	संकाय	संबंधन का विषय	संबंधन की स्थिति
1	कला संकाय (प्रतिष्ठा स्तर)	प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान, उर्दू, हिन्दी एवं संस्कृत	शैक्षणिक सत्र 2022–25 एवं 2023–26 के लिए अस्थायी संबंधन
2	विज्ञान (प्रतिष्ठा स्तर)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पतिविज्ञान, जन्तुविज्ञान एवं गणित	शैक्षणिक सत्र 2022–25 एवं 2023–26 के लिए अस्थायी संबंधन

विश्वविद्यालय के प्रस्ताव में अंकित अन्य विषयों में, यथा अंग्रेजी, श्रम एवं समाज कल्याण एवं वाणिज्य के सभी विषय के अधिषद की बैठक एवं संबंधन एवं नव शिक्षण कार्यक्रम समिति से अनुमोदित नहीं रहने के कारण संबंधन प्रदान करने की सहमति नहीं दी जाती है।

इस पर सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव